आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 18.01.2025 समय 1830

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वामित्व योजना के अंतर्गत 65 लाख से अधिक संपत्ति कार्ड वितरित किए। कहा– योजना का उद्देश्य भूमि प्रबंधन में ग्रामीण समुदायों को सशक्त बनाना है।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य में जल्द भू–कानून लागू करने की सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।
- प्रधानमंत्री कल आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।
- बागेश्वर के उत्तरायणी मेले में आयोजित दंगल प्रतियोगिता को जिलाधिकारी ने बताया युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत।

प्रधानमंत्री सम्पत्ति कार्ड

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वामित्व योजना के अंतर्गत आज संपत्ति स्वामियों को वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से 65 लाख से अधिक संपत्ति कार्ड वितरित किए। दस राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों के 50 हजार से अधिक गांवों में संपत्ति कार्ड वितरित किए गए हैं।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए ऐतिहासिक दिन बताया। उन्होंने कहा कि स्वामित्व योजना लागू होने के बाद से पिछले पांच वर्षों में दो करोड़ 25 लाख से अधिक संपत्ति के दस्तावेज जारी किए जा चुके हैं। श्री मोदी ने कहा कि संपत्ति के उचित दस्तावेज न होना एक बड़ी समस्या है और इस कारण ही विवाद पैदा होते हैं। उन्होंने कहा कि संपत्ति के उचित प्रलेखन से बैंकों से ऋण मिल पाएगा और अवैध अतिक्रमण से संरक्षण मिलेगा।

मुख्यमंत्री पिथौरागढ़

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पिथौरागढ़ नगर निगम चुनाव में मेयर पद के लिए भाजपा प्रत्याशी और पार्षद प्रत्याशियों के पक्ष में आज रामलीला मैदान में आयोजित जनसभा को सम्बोधित किया। इस दौरान उन्होंने जनता से पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में वोट करने की अपील की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार जल्द ही राज्य में भू–कानून लागू करने जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने प्रदेश में नियमों के विरुद्ध खरीदी गई 750 से अधिक जमीनों पर कार्रवाई की है।

उधर, पौड़ी में कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विनोद नेगी ने कहा कि कांग्रेस, नगर में जोर–शोर से चुनाव प्रचार में डटी है।

## वात्सल्य योजना चमोली

चमोली जिले में जरूरतमंद और अनाथ बच्चों को मिशन वात्सल्य योजना के तहत स्पांसरशिप योजना से जोड़कर लाभांन्वित किया जा रहा है। जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने आज 13 अन्य बच्चों को इस योजना से जोड़ने की स्वीकृति दी। वर्तमान में जिले के अनाथ, देखरेख और संरक्षण वाले 92 बच्चों को योजना से लाभान्वित किया जा रहा है। मिशन वात्सल्य योजना से इन बच्चों को प्रत्येक माह 4–4 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी जा रही है।

## मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 118वीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, एआईआर न्यूज वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर मोबाईल ऐप पर भी प्रसारित किया जाएगा।

## उत्तरायणी मेले का दंगल

बागेश्वर में उत्तरायणी मेले में दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान पहलवानी के 15 दंगल हुए, जिसमें 20 पुरुष और चार महिला पहलवानों ने प्रतिभाग किया। अखाड़े में दंगल लड़ने के लिए उत्तराखंड के अलावा उत्तर प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब और नेपाल के पहलवानों ने अपने प्रतिद्वंदियों को मात दी। जिलाधिकारी आशीष भटगाई ने कहा कि उत्तरायणी मेले में दंगल का आयोजन अपने आप में अनूठी पहल है और यहां के युवाओं के लिए यह एक प्रेरणा स्रोत है।

## मतगणना प्रशिक्षण टिहरी

नई टिहरी में निकाय चुनाव को लेकर मतगणना कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी मयूर दीक्षित ने बताया कि आगामी 23 जनवरी को मतदान और 25 जनवरी को मतगणना के लिए सभी टीमों का गठन किया गया है।

वहीं, प्रशिक्षण ले रहे कर्मचारी रविंद्र राणा ने बताया कि मास्टर ट्रेनर ने उन्हें मतगणना की सभी प्रक्रियाओं की जानकारी दी।

## गिरफ्तार

बागेश्वर के ऐतिहासिक उत्तरायणी मेले में रोटी में थूकने का मामला सामने आने के बाद कोतवाली पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक चन्द्रशेखर घोड़के ने बताया कि उत्तर प्रदेश के रामपुर के रहने वाले गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

संसद बजट सत्र

संसद का बजट सत्र 31 जनवरी से शुरू होगा। सत्र के पहले दिन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु लोकसभा और राज्य सभा की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन पहली फरवरी को केंद्रीय बजट पेश करेंगी। बजट सत्र का पहला चरण 13 फरवरी तक चलेगा जबकि दूसरा चरण 10 मार्च से 4 अप्रैल तक होगा।